क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प), भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प), भुवनेश्वर में दिनांक 16-03-2018 को अपराह्न 4.15 बजे आयोजित की गयी 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

1. प्रो. प्रकाश चंद्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. प्रीतीश चंद्र आचार्य, अध्यक्ष सा.वि.मा. शिक्षा विभाग
3. प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य
4. सुश्री शम्पा दास, गैर आवासी वार्डन, रामानुजन छात्रावास
5. प्रो. गौरम्मा आई.पी. वार्डन, गोपबंधु छात्रावास
6. डॉ. धन्या कृष्णन, गैर आवासी वार्डन, गोपबंधु छात्रावास
7. डॉ. पुष्पलता नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष
8. श्री अखिलेश्वर मिश्र, प्रधानाध्यापक, प्रायोगिक बहु उद्देशीय विद्यालय
9. डॉ. एलिज़ाबेथ गांगमेई, वार्डन, आशुतोष छात्रावास
10. श्रीमती किरन जुनेजा, प्रशासनिक अधिकारी
11. श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना)
12. श्री सुशांत कुमार राउत, अनुभाग अधिकारी (परिसर एवं कल्याण)
13. श्री प्रदीप कुमार बेहेरा, भंडार अधिकारी
14. श्रीमती रूपा घोष, प्रवर श्रेणी लिपिक
15. श्री जितेन्द्र कुमार सतपथी, अवर श्रेणी लिपिक

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया । पिछली बैठकों के इस प्रस्ताव पर कि कर्मचारियों के प्रशिक्षण संबंधी रोस्टर को तैयार किया जाए, श्री प्रदीप कुमार राय ने सूचित किया कि रोस्टर तैयार कर दिया गया है ।

पिछली बैठक में हुई चर्चा में कहा गया था कि संस्थान और विद्यालय द्वारा निकाले जाने वाले सारे विज्ञापन द्विभाषी हों । इस बारे में श्री प्रदीप कुमार बेहेरा ने अवगत कराया कि प्रायोगिक विद्यालय, भुवनेश्वर में प्रवेश हेतु विज्ञापन तीन भाषाओं (हिंदी, ओडिया और अँग्रेजी) में निकाले गये हैं । इस संदर्भ में श्रीमती किरन जुनेजा, प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि द्विभाषी विज्ञापन, भंडार (स्टोर) से ही निकाले जाएँ और जहाँ कहीं द्विभाषी करने में कठिनाई आए,

(P.T.O.)

यूनिकोड, गूगल का सहारा लिया जाए । उन्होंने कहा कि पूरा विज्ञापन द्विभाषी हो । वेबसाइट में भी जो विज्ञापन डाला जाए, वह भी द्विभाषी होना चाहिए ।

इस बैठक में श्रीसुशांत कुमार राउत , अनुभाग अधिकारी से कहा गया कि परिसर एवं कल्याण अनुभाग की ओर से सभी विभागों/अनुभागों से माँग की जाए कि वे द्विभाषी मोहरों के लिए शीघ्र ही सूची भेजें ।

श्री अखिलेश्वर मिश्र, प्रधानाध्यापक ने कहा कि बाहर से संविदा के आधार पर हिंदी अनुवाद संबंधी कार्य करवाया जा सकता है । इसके अतिरिक्त हिंदी प्रशिक्षण-प्राप्त लोगों को भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए । श्री प्रदीप कुमार राय ने कहा कि ऐसे कर्मचारी हैं जो हिंदी में कार्य करने का प्रयास करते हैं । सदस्यों ने यह प्रस्ताव रखा कि जो स्थायी अवर श्रेणी नियुक्त हुए हैं वे जिस विभाग / अनुभाग में कार्य कर रहे हैं , वहाँ उनसे हिंदी कार्य में सहायता ली जाए और उनसे भी हिंदी में काम करवाया जाए ।

प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि संस्थान में धारा 3/3 के अनुपालन के लिए एक प्रशिक्षित हिंदी अनुवादक की स्थायी रूप से आवश्यकता है । परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ को इस बारे में पुनः लिखा जाए।

प्रो. प्रकाश चंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष एवं प्राचार्य ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को राजभाषा हिंदी मे काम करने की दिशा में प्रगति करते रहना चाहिए । साथ ही, संस्थान के जिन कर्मचारियों को प्रशिक्षण नहीं मिला, उन्हें चरणबद्ध रूप में प्रशिक्षण हेतु भेजा जाए ।

अंत में, प्रो. प्रीतीश चंद्र आचार्य ने सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

11/4/18
प्राचार्य

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर

ज्ञापन सं.

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को
2. परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ के प्रभारी को
3. प्राचार्य के सहायक कार्यक्रम समन्वयक को

4.कार्यालय प्रति ।